


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शुक्रवार, 28 नवम्बर-2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक


वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 89 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया










# यूपी सरकार का बड़ा फैसला

## अब जन्मतिथि प्रमाण के रूप में मान्य नहीं होगा आधार कार्ड




● आधार कार्ड में दर्ज जन्मतिथि किसी भी प्रमाणित दस्तावेज के आधार पर तय नहीं होती है

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने एक अहम निर्णय लेते हुए स्पष्ट किया है कि अब आधार कार्ड को जन्मतिथि के प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। नियोजन विभाग ने इसको लेकर सभी विभागों को दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा है कि आधार में दर्ज जन्म तिथि सत्यापित नहीं होती, इसलिए इसे आधिकारिक DOB डॉक्यूमेंट नहीं माना जा सकता। उत्तर प्रदेश सरकार ने आदेश जारी कर कहा है कि आधार कार्ड अब जन्मतिथि प्रमाण पत्र (Date of Birth Certificate) के रूप में मान्य नहीं होगा। नियोजन विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि आधार कार्ड में दर्ज जन्मतिथि किसी भी प्रमाणित दस्तावेज के आधार पर तय नहीं होती है, इसलिए इसे इसलिए इसे आधिकारिक जन्म तिथि प्रमाण पत्र के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता। नियोजन विभाग के विशेष सचिव द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि नियुक्तियों, विभिन्न सरकारी सेवाओं, आवेदन प्रक्रियाओं और सत्यापन कार्यों में आधार कार्ड को जन्म तिथि के प्रमाण के रूप में इस्तेमाल न किया जाए. आधार कार्ड बनवाते समय व्यक्ति की जन्मतिथि किसी मान्य दस्तावेज से सत्यापित नहीं की जाती। कई मामलों में यह स्वयं घोषित (self-declared) होती है। सरकार का यह फैसला भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा भेजे गए पत्र के आधार पर लिया गया है। UIDAI के अनुसार, आधार में दर्ज जन्मतिथि को प्रमाणिक नहीं माना जा सकता, क्योंकि आधार बनाने की प्रक्रिया में जन्म का प्रमाण पत्र, स्कूल रिकॉर्ड या अस्पताल से जारी किसी दस्तावेज को अनिवार्य रूप से देना जरूरी नहीं है। नियोजन विभाग ने स्पष्ट किया है कि राज्य सरकार के सभी विभाग तुरंत प्रभाव से आधार कार्ड को DOB प्रमाण पत्र के रूप में स्वीकार करना बंद करें. अपने अधीनस्थ कार्यालयों को भी दिशा-निर्देश जारी करें। सरकारी सेवाओं, सरकारी नौकरी, पेंशन, छात्रवृत्ति, लाइसेंस, सरकारी योजनाओं और किसी भी तरह की पहचान या उम्र संबंधित प्रक्रिया में अब जन्मतिथि के प्रमाण के रूप में केवल मान्य दस्तावेज ही स्वीकार होंगे. इनमें जन्म प्रमाण पत्र, हाईस्कूल प्रमाण पत्र, नगर निकाय द्वारा जारी जन्म पंजीकरण रिकॉर्ड या अन्य अधिकृत दस्तावेज शामिल हैं। महाराष्ट्र में भी सरकार ने अहम आदेश जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि देरी से बर्थ सर्टिफिकेट बनवाने के लिए आधार कार्ड को डॉक्यूमेंट नहीं माना जाएगा। अगस्त 2023 में एक्ट में बदलाव के बाद सिर्फ आधार कार्ड से बने सभी बर्थ सर्टिफिकेट कैंसल कर दिए जाएंगे। सरकार ने यह फैसला गैर-कानूनी कामों के लिए इस्तेमाल हो रहे फेक बर्थ सर्टिफिकेट और डेथ सर्टिफिकेट को रोकने के लिए लिया है। रेवेन्यू मिनिस्टर चंद्रशेखर बावनकुले ने आधार कार्ड का इस्तेमाल करके जारी किए गए सभी संदिग्ध सर्टिफिकेट कैंसल करने का आदेश दिया है. इसके साथ ही, अब तक ये सर्टिफिकेट जारी करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। रेवेन्यू डिपार्टमेंट ने सभी तहसीलदारों, सब-डिविजनल ऑफिसरों, डिस्ट्रिक्ट कमिश्नरों और डिविजनल कमिश्नरों को 16 पॉइंट वेरिफिकेशन गाइडलाइन जारी की है।

### बर्थ सर्टिफिकेट के रूप में मान्य नहीं होगा आधार कार्ड

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार ने एक अहम फैसला लेते हुए आदेश जारी कर कहा कि आधार कार्ड अब जन्मतिथि प्रमाण पत्र के रूप में मान्य नहीं होगा। इस संबंध में एक आदेश भी जारी किया गया है। आदेश में कहा गया है कि आधार कार्ड में दर्ज जन्मतिथि किसी भी प्रमाणित दस्तावेज के आधार पर तय नहीं होती है, यही कारण है कि इसे आधिकारिक प्रमाण पत्र के रूप में नहीं स्वीकार किया जा सकता। नियोजन विभाग के विशेष सचिव अमित सिंह बंसल ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआइडीएआइ) के पत्र का हवाला देते हुए कहा कि आधार कार्ड में जन्मतिथि का कोई प्रमाणित दस्तावेज संलग्न नहीं होता, इसलिए इसे जन्मतिथि प्रमाण के रूप में मान्य नहीं माना जा सकता है।

## ब्रह्मकुमारीज के कार्यक्रम में राष्ट्रपति मुर्मू का स्वागत



● सीएम योगी और राज्यपाल भी रहीं मौजूद

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में सुल्तानपुर रोड स्थित गुलजार उपवन में शुक्रवार को ब्रह्मकुमारीज संस्थान की ओर से राज्यस्तरीय ध्यान योग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पहुंची हैं। उनके साथ सीएम योगी, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल मौजूद हैं। इससे पहले एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हैं। सुरक्षा व्यवस्था कड़ी है। बिना पास और जांच के किसी को भी प्रवेश नहीं दिया गया। मयूर नृत्य से राष्ट्रपति का स्वागत किया गया। छत्तीसगढ़ के रंगोली कलाकार हितेश ने उनके स्वागत में गुलजार दादी और राष्ट्रपति की खूबसूरत रंगोली बनाई है। संस्थान के अतिरिक्त महासचिव राजयोगी डॉ. बीके मृत्युंजय भाई ने बताया कि राष्ट्रपति के लिए एक विशेष कक्ष बनाया गया है, जहां वह कुछ देर ध्यान करेंगी।

### शिक्षक के रूप में राष्ट्रपति की भूमिका अहम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह हमारे लिए गौरव का क्षण है कि ध्यान योग को लेकर हम इतना बड़ा अभियान शुरू करने जा रहे हैं। ऐसे में राष्ट्रपति की मौजूदगी हमारे लिए गौरव की बात है। शिक्षक के रूप में राष्ट्रपति की भूमिका बहुत अहम रही। पार्षद से लेकर राष्ट्रपति तक का सफर तय किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय से जुड़े सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को इस बड़े अभियान के लिए बधाई। राजयोग के माध्यम से सकारात्मक ऊर्जा का आप सभी प्रचार कर रहे हैं।

### कपिल शर्मा के कैफे पर फायरिंग करने वाला गैंगस्टर दिल्ली में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली क्राइम ब्रांच ने कनाडा में कपिल शर्मा के कैफे पर फायरिंग करने के मामले में गैंगस्टर बंधु मान सिंह को दिल्ली में गिरफ्तार किया है। बताया गया कि बंधु मान के कनाडा से दिल्ली लौटते ही उसे दबोच लिया गया। पुलिस के अनुसार, वह गोल्डी ढिल्लों गैंग का एक बड़ा क्रिमिनल है और उसके खिलाफ कई क्रिमिनल केस दर्ज हैं। उसके पास से एक चाइनीज पिस्टल और कारतूस बरामद हुए। बंधु मान के बारे में बताया जाता है कि वह विदेश में बिजनेसमैन और हाई-प्रोफाइल लोगों को टारगेट करके कई एक्सटॉर्शन रैकेट में शामिल है।

### पीड़िता से विवाह करने वाले के खिलाफ दर्ज पॉक्सो मामला रद

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने पीड़िता से विवाह करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध पॉक्सो अधिनियम के तहत आपराधिक केस कार्रवाई को रद कर दिया है। कहा है दोनों ने समझौता कर लिया,ऐसे में केस चलाना कोर्ट के समय की बर्बादी ही होगी। न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की एकलपीठ ने अश्विनी आनंद की याचिका स्वीकार करते हुए कहा कि जब न्याय का उद्देश्य तत्काल हस्तक्षेप की मांग करता है, तो वह 'मूक दर्शक' नहीं बना रह सकता। खुशहाल वैवाहिक जोड़े को मुकदमे का सामना करने के लिए मजबूर करना 'भाग्य की विडंबना' और 'उत्पीड़न' होगा।


## राजधानी में प्रदूषण से हाहाकार

● 80 प्रतिशत लोग जूझ रहे स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से

### राहुल ने की संसद में बहस की मांग




**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण के स्तर ने लोगों के स्वास्थ्य और जीवनशैली पर गंभीर प्रभाव डाला है। सांस के मरीजों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक नए सर्वेक्षण के अनुसार, 80 प्रतिशत से अधिक लोग स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं, और लगभग 80 प्रतिशत लोग बेहतर वातावरण की तलाश में दूसरे शहरों में जाने की योजना बना रहे हैं। प्रदूषण के कारण लोगों के खर्चों में भी वृद्धि हुई है, जिससे मध्यम वर्ग के परिवारों पर वित्तीय बोझ बढ़ गया है। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को शीतकालीन सत्र से पहले देश के कई शहरों में वायु प्रदूषण पर संसद में बहस की माँग की। एक पोस्ट में, राहुल गांधी ने केंद्र पर सवाल उठाते हुए वायु प्रदूषण की समस्या के लिए 'कोई तत्परता, योजना या जवाबदेही नहीं' का आरोप लगाया। उन्होंने लिखा कि मैं जिस भी माँ से मिलता हूँ, वह मुझे एक ही बात कहती है: उसका बच्चा ज़हरीली हवा में साँस लेते हुए बड़ा हो रहा है। वे थके हुए, डरे हुए और गुस्से में हैं। मोदी जी, भारत के बच्चे हमारे सामने घुट रहे हैं। आप चुप कैसे रह सकते हैं? आपकी सरकार कोई तत्परता, कोई योजना, कोई जवाबदेही क्यों नहीं दिखाती?




## यूपी के कई शहरों में गहराया कोहरा

● मिर्जापुर में ट्रक से जा भिड़ी कार, चार ने गंवायी जान, लखनऊ में कई विमान विलंबित



**लखनऊ।** यूपी में ठंड बढ़ने लगी है। 5 जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे रिकॉर्ड किया गया। इटावा सबसे ठंडा रहा। यहां पारा 7.4 डिग्री दर्ज किया गया। मेरठ में पारा 7.5 डिग्री तक लुढ़क गया। कानपुर का पारा 8.5 और गाजियाबाद का 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। AQI 351 रहा। देश में नोएडा ( AQI 406 ) और दिल्ली के बाद गाजियाबाद की हवा सबसे अधिक जहरीली रही। इसके अलावा मिर्जापुर, कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज आगरा, अमेठी समेत 10 शहरों में घना कोहरा छाया रहा। मिर्जापुर में NH-19 पर कोहरे के कारण स्विफ्ट कार खड़े ट्रक में जा घुसी। हादसे में पिता-बेटे समेत 4 लोगों की मौत हो गई। हादसा शुक्रवार सुबह 7.30 बजे कछवा थाना क्षेत्र में कटका गोदाम के पास हुआ। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए।

### श्रीलंका में बाढ़ से 56 की मौत 21 लापता, स्कूल और दफ्तर बंद

**नई दिल्ली।** श्रीलंका में लगातार हो रही भारी बारिश और भूस्खलन के चलते हालात काफी बिगड़ चुके हैं। देशभर में अब तक 56 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 600 से ज्यादा घरों को भारी नुकसान पहुंचा है। बिगड़ते हालात को देखते हुए सरकार ने शुक्रवार को सभी सरकारी दफ्तरों और स्कूलों को बंद रखने का निर्णय लिया। बता दें कि पिछले सप्ताह से ही श्रीलंका खराब मौसम से जूझ रहा है। हालांकि, गुरुवार को मूसलाधार बारिश ने यहां तबाही मचा दी। तेज बारिश के कारण कई जगह घर, सड़कें और खेत पानी में डूब गए। इसके चलते कई इलाकों में भूस्खलन की घटनाएं सामने आईं।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 28.3°C
● तापमान न्यूनतम : 13.0°C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.14
वाराणसी, 28 नवम्बर, शुक्रवार, 2025 (3)


छाया : जनमुख डेस्क






# SIR की तारीख छह माह बढ़ायी जाए

● विपक्षी दलों ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन, लगाए नारे

● गिनायीं ख़ामियां, फिर से विचार करने की मांग




**वाराणसी।** वाराणसी में कांग्रेस ने एसआईआर यानि विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान को 6 महीने बढ़ाए जाने को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर नारेबाजी करते हुए प्रक्रिया पर सवाल भी उठाए। एसआइआर की प्रक्रिया में तमाम खामियां गिनाते हुए आयोग इस पर विचार करने की मांग की। इसके साथ ही पूरी प्रक्रिया और सरल बनाने की बात कही। सपा और कांग्रेस नेताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त को ज्ञापन भेजकर दुश्वारियों से अवगत कराया। वहीं बीएलओ पर पड़ने वाले दबाव को लेकिन कर्मचारियों का उत्पीड़न नहीं किए जाने की बात भी कही। हालांकि इस दौरान अफसरों ने ज्ञापन चुनाव आयोग को भेजने का आश्वासन दिया। शुक्रवार को सपा जिलाध्यक्ष सुजीत यादव लक्कड, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल और महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे के साथ एक सैकड़ा राजनेता कलेक्ट्रेट पहुंचे। सबसे पहले कलेक्ट्रेट गेट पर प्रदर्शन किया और नारेबाजी करते हुए एसआईआर पर सवाल उठाए। विपक्षी दलों के नेताओं ने चुनाव आयोग से मांग की है कि विशेष सघन पुनरीक्षण का समय 6 माह के लिए और बढ़ाया जाए। अभी जिस गति से एसआइआर की प्रक्रिया चल रही है उससे आधे मतदाताओं के भी फार्म नहीं भरे जा सकेंगे। एसआइआर की प्रक्रिया में जनता को कई प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सभी जगह पर बीएलओ 2003 की मतदाता सूची लेकर नहीं जा रहे हैं। ऐसे में आन लाइन खोजने में बहुत समय लग रहा है। कहीं पर नेट नहीं है तो कहीं पर धीमा चलता है। एक एक नाम खोजने में काफी समय लग रहा है। अधिकांश जगहों पर तो बीएलओ ही नहीं जा रहे हैं जिससे लोगों के फार्म नहीं भर पा रहे हैं। चुनाव आयोग से मांग करते है. कि फार्म भरने का समय कम से कम 6 माह और बढ़ाया जाए। बीएलओ को सभी आवश्यक प्रपत्र उपलब्ध कराया जाएं जिससे मतदाताओं को किसी तरह की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़े इसके साथ ही कांग्रेस ने एक निगरानी समिति भी बनाने की मांग की है जो इस बात की जांच करे की बीएएलओ ने फार्म सभी मतदाताओं के घर पहुंचा दिए हैं कि नहीं लखनऊ में करीब चालीस लाख मतदाता हैं जिनका फार्म भराया जाना है। पहले चरण में बीएलओ प्रत्येक मतदाता के घर जाकर फार्म की दो प्रतियां देंगे- प्रति पर मतदाता से संबंधित सूचनाएं जैसे नाम, इपिक नंबर, पता एवं वर्तमान मतदाता सूची के अनुसार भाग और क्रमांक संख्या पहले से ही भरी होगा। मतदाता को अपनी वर्तमान फोटो, जन्म तिथि, आधार संख्या (वैकल्पिक), पिता या अभिभावक का नाम व इपिक नंबर (वैकाल्पिक), माता का नाम व इपिक नंबर (वैकल्पिक), मोबाइल नंबर जैसी मूल जानकारियां भरनी होंगी। अगर किसी का नाम अगर 2003 एसआइआर सूची में शामिल नहीं है लेकिन उनके रिश्तेदार जैसे माता-पिता या दादा-दादी/ आदि का नाम शामिल है तो गणना प्रपत्र में उस रिश्तेदार का विवरण भरना होगा

## कफ सीरप तस्करी का मास्टर माइंड भाग निकला दुबई

**वाराणसी।** नशे में इस्तेमाल होने वाले कोडिनयुक्त कफ सीरप की तस्करी के गिरोह का मास्टर माइंड वाराणसी के कायस्थान-प्रह्लादघाट निवासी शुभम जायसवाल गिरफ्तारी से पहले देश से भाग निकला है। गाजियाबाद पुलिस की जांच में कफ सीरप की तस्करी में नाम सामने आने के बाद सर्विलांस व लोकेशन डिटेल से पता चला कि शुभम पांच नवंबर को रांची से कोलकाता गया और वहां से दुबई के लिए उड़ान भरी। शुभम फर्जी फर्मों के जरिये नशे के इस कारोबार को चला रहा था। उसने गाजियाबाद और वाराणसी में गोदाम बना रखे थे। इन गोदामों में कोडिनयुक्त कफ सीरप छिपाया जाता और इनकी आपूर्ति उत्तर प्रदेश, झारखंड, बंगाल, बिहार से लेकर नेपाल तक किया जाता। शुभम का नाम पहली बार सुर्खियों में आया, जब 19 अक्टूबर को सोनभद्र पुलिस ने दो कंटेनर से नमकीन व चिप्स के पैकेटों के बीच छिपाकर रांची ले जाए जा रहे करीब साढ़े तीन करोड़ रुपये मूल्य के कोडिनयुक्त कफ सीरप की खेप पकड़ी थी।

## महिला की आपत्तिजनक तस्वीरें वायरल करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज



**वाराणसी।** चोलापुर क्षेत्र निवासी महिला की आपत्तिजनक तस्वीरें व्हॉट्सएप पर वायरल करने के मामले में दो आरोपियों के खिलाफ एसीपी के निर्देश पर चोलापुर थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की। पीड़िता का आरोप है कि पिछले कुछ महीनों से उसकी निजी तस्वीरें वायरल की गई। पीड़िता ने गोपीगंज भदोही निवासी शिवम कुमार गुप्ता और उसका सहयोगियों के अलावा चौबेपुर निवासी किसी नीरज पांडेय को आरोपी बनाया। प्रभारी निरीक्षक चोलापुर योगेंद्र प्रसाद ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

## काशी तमिल संगमम : फेस पेंटिंग प्रतियोगिता में काशी और दक्षिण की सभ्यता को दिखाया गया

**वाराणसी।** काशी तमिल संगमम् 4.0 के तहत वसंत महिला महाविद्यालय तथा विभिन्न संस्थानों द्वारा आयोजित कला-आधारित प्री-इवेंट्स पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका थीम 'विविधता में एकता' रखा गया। इसके आलावा सिगरा स्थित आई.पी. मॉल और जे.एच.वी. मॉल में फेस पेंटिंग प्रतियोगिता में छात्रों ने प्रतिभाग किया। वसंत महिला महाविद्यालय परिसर में आयोजित पोस्टर एवं पेंटिग प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं को भारतीय संस्कृति की एकात्मता, विशेषकर काशी और तमिल संस्कृति के प्राचीन संबंधों को कलात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से समझने का अवसर प्रदान करना था। छात्राओं ने अपने चित्रों में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत', भाषाई विविधता, सांस्कृतिक सेतु, तमिल-काशी आध्यात्मिक विरासत तथा भारतीयता के साझा मूल्यों को उकेरा।

## विशालाक्षी धाम में कुम्भाभिषेक, स्वर्ण कलश स्थापित, चार दिनों तक चलेगी महाआराधना

**वाराणसी।** काशी के प्राचीन और शक्तिपीठों में से एक मीरघाट स्थित सिद्धपीठ माता विशालाक्षी मंदिर में 12 वर्ष बाद कुम्भाभिषेक का शुभारंभ विधि-विधान के साथ हुआ। मंदिर परिसर में रंग-रोगन और शिखर के पुनर्सज्जा कार्य के बाद आज मंदिर के माथे पर स्वर्ण कलश की स्थापना की गई। इस पवित्र अवसर को देखने और इसका हिस्सा बनने के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। कुम्भाभिषेक की मुख्य पूजा दक्षिण भारत की परंपरा अनुसार तमिलनाडु से आए 11 ब्राह्मण विद्वानों द्वारा संपन्न कराई जा रही है। पूजन की शुरुआत गणपति विधि से हुई और मंदिर परिसर में वैदिक ध्वनियों और नाद के साथ मंत्रोच्चार गूंज उठा। पंडितों द्वारा मंडल-स्थापन, स्वास्तिवाचन, कलश पूजन और द्रव्य-संस्कार के बाद विशेष कलशार्चन पूजा सम्पन्न हुई।

## मंडल रेल प्रबंधक ने लगायी डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र ( डी.एल.सी. ) 4.0 पर कार्यशाला



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** सेवानिवृत्त रेलवे पेंशनरों की सुविधा के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र अभियान (डी.एल.सी.) 4.0 चलाया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मण्डल पर डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र को बढ़ावा देने के लिये डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र (डी.एल.सी.) 4.0 कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज गुरुवार को वाराणसी मंडल के न्यू लोको कॉलोनी स्थित इंद्रप्रस्थ समुदाय हॉल में मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी आशीष जैन के अध्यक्षता में तथा वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अभिनव कुमार सिंह के संयोजन में डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र (डी.एल.सी.) 4.0 पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

# रोपवे ने रोक दिया रास्ता, वाहन सवारों की बढ़ी मुसीबत

● गिरजाघर चौराहे की तरफ कोई वाहन नहीं जा सकता, भीड़ के दबाव से कसमसाने लगीं गलियां



**वाराणसी।** रोपवे के काम के चलते गिरजाघर चौराहे की ओर जाने वाले रास्ते को बंद कर दिया गया है। गोदौलिया, नई सड़क, लक्सा की तरफ से कोई वाहन उस ओर नहीं जा सकते हैं। शहर के सबसे अधिक व्यस्त रहने वाले चौराहे की तरफ से जाने वाले वाहनों के लिए कोई मार्ग तय नहीं किया गया है। इसके चलते वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वह गलियों की तरफ जा रहे हैं तो उसमें भी बाधाएं उनके सब्र का इम्तेहान ले रही हैं। पिछले कई महीनों से गिरजाघर चौराहे पर रोपवे का काम हो रहा है। इसके चलते एक लेन बंद कर दिया गया था और एक लेन से ही वाहनों का आना-जाना हो रहा था। एक सप्ताह पहले चौराहे के पास बैरिकेडिंग लगाकर दोनों लेन को बंद कर दिया गया। इसके साथ एक तरफ लक्सा थाने के पास बैरिकेडिंग लगाकर वाहनों को आगे बढ़ने से रोका जा रहा है। वहां रास्ते को बंद करके निर्माण सामग्री रखी है। वाहनों को औरंगाबाद की ओर डायवर्ट किया जा रहा है। दो दिन पहले इस सकरे रास्ते पर ट्राली ट्रांसफार्मर खड़ा कर दिया गया। अब इस रास्ते से एक बाइक ही निकल सकती है। गिरजाघर-गोदौलिया मार्ग भी कई महीने से प्रभावित है। सिर्फ एक ही लेन पर चला जा सकता है वह भी पैदल ही। चार पहिया वाहनों को गुरुबाग से लक्सा की तरफ नहीं जाने दिया जा रहा है लेकिन बाइक के साथ ई-रिक्शा, रिक्शा व आटो उस मार्ग पर चल रहे हैं वाहनों के लिए कोई डायवर्जन रूट नहीं होने से वाहन गलियों में दाखिल हो रहे हैं और जाम की मुसीबत झेल रहे हैं। एक ही मार्ग नई सड़क-भेलूपुर बचता है जिस पर चार से लेकर दो पहिया वाहन व पैदल तक चल रहे हैं। इस संकरे रास्ते में वाहनों की भारी भीड़ की वजह से हर वक्त जाम रहता है। आज भी यह मार्ग जाम की चपेट में रहा।

# सड़क पर कहीं कूड़ा दिखा तो खैर नहीं




● नगर आयुक्त ने डोर टू डोर कूड़े के उठान का किया सत्यापन, क्षेत्रीय स्वास्थ्य निरीक्षक व अवर अभियन्ता की लगायी क्लास

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल के द्वारा आज सुबह वरूणापार जोन अन्तर्गत पहड़िया, पाण्डेयपुर, खजुरी क्षेत्रों में आकस्मिक निरीक्षण किया गया। नगर आयुक्त द्वारा निरीक्षण में इन क्षेत्रों में हो रहे डोर टू डोर कूड़ा उठान, सफाई व्यवस्था, अतिक्रमण, स्ट्रीट लाइट, सार्वजनिक शौचालय, नाला सफाई तथा चुनाव आयोग द्वारा कराये जा रहे एस0आई0आर0 आदि कार्य का निरीक्षण किया गया। नगर आयुक्त ने इन क्षेत्रों में वाराणसी वेस्ट सोल्यूशन के द्वारा डोर टू डोर कूड़े के उठान के बारे में नागरिकों से जानकारी प्राप्त की गयी, जिसमें पाया गया कि इन क्षेत्रों में कूड़े का उठान किया जा रहा है।

## 'माल-भाड़ा ग्राहक बैठक' में मंडल रेल महाप्रबंधक ने व्यापारियों से मांगे सुझाव




**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** वाराणसी मंडल प्रशासन द्वारा उद्योग जगत् एवं व्यापारियों को उन्नत मॉल परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे है। इसी क्रम में गुरुवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के भारतेंदु सभागार में मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन की अध्यक्षता में मंडल के व्यापारियों एवं औद्योगिक प्रतिष्ठान के प्रतिनिधियों के साथ बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट के अधिकारियों की 'माल-भाड़ा ग्राहक बैठक' (Freight Customer Meeting) का आयोजन किया गया मंडल रेल प्रबंधक ने बताया कि यह आयोजन सिर्फ एक औपचारिक बैठक नहीं है, बल्कि यह रेलवे और व्यापार जगत् के बीच सहयोग की भावना को और मजबूत करने का एक मंच है। हम यहाँ यह जानने के लिए एकत्रित हुए हैं कि हम कैसे अपनी सेवाओं को और बेहतर बना सकते हैं ताकि आपके माल का परिवहन अधिक सुरक्षित, विश्वसनीय और लागत प्रभावी हो सके। हम माल ढुलाई के क्षेत्र में आपकी आवश्यकताओं को समझ सकें, मौजूदा सेवाओं में सुधार कर सकें, और भविष्य के लिए एक मजबूत साझेदारी बना सकें। हमारा प्रयास आपको सर्वोत्तम और सबसे कुशल लॉजिस्टिक्स समाधान प्रदान करना है।




# जान के जोखिम पर SIR मत कराइए

● सियासी दलों ने की समय सीमा बढ़ाने की मांग

● जल्दीबाजी और आधी अधूरी तैयारी से छूट जाएंगे मतदाताओं के नाम




**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** वाराणसी के राजनीतिक दलों- कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, सीपीएम, सीपीआई, राजद, की एक बैठक कांग्रेस कार्यालय लहुराबीर में गुरुवार को संपन्न हुई। बैठक में दलों के प्रतिनिधियों ने कहा कि एस आई आर जिस तरह से जल्दीबाजी और आधी अधूरी तैयारी के साथ कराया जा रहा है उससे निश्चित रूप से बहुत सारे लोगों का नाम दर्ज होने से छूट जाएगा। गांव में धान की कटाई और गेहूं की बुवाई का समय चल रहा है। एस आई आर के बारे में चुनाव कार्यालय से संबंधित पूर्ण जानकारी का अभाव, बीएलओ की ट्रेनिंग का अभाव और आम जनता में जागरूकता की कमी के कारण यह संभव ही नहीं है कि 4 दिसंबर तक इसे त्रुटिरहित पूरा किया जा सके। इसलिए हर हालत में 4 दिसंबर की अंतिम तारीख को कम से कम 6 महीने के लिए बढ़ाया जाना चाहिए। विधानसभा 20 27 में होने वाला है इसलिए भी बहुत जल्दीबाजी का कोई औचित्य नहीं है। इसी के साथ यह भी मांग की गई की 2003 और 2025 की मतदाता सूची प्रत्येक बीएलओ को अवश्य दी जाए और वह घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाता को संतुष्ट कर उसका फॉर्म भरे । बैठक में तय किया गया कि इस संबंध में सभी विपक्षी दलों का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मिलकर चुनाव आयोग के लिए ज्ञापन देगा।

जनमुख परामर्श मंडल : एस. कुमार राष्ट्रीय अध्यक्ष सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया, संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज, श्रीनारायण खेमका, अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन, वी.के.जैन, अध्यक्ष-जैन मिलन, वाराणसी, डा. एस.के.पाठक वरिष्ठ चिकित्सक, डा. नीलम ओहरी स्त्री रोग विशेषज्ञ, प्रधान सम्पादक ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा', समाचार सम्पादक सरोज सिन्हा, स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित। रजि.33134/78. फोन : 0542-2500324 9336929544, Email : janmukh.vns@gmail.com

## सोनभद्र समाचार

### दो दिन से लापता व्यक्ति का शव कुएं में मिला



**बभनी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नधिरा खरवारी टोला में बृहस्पतिवार को दो दिन से लापता लालशाय (48) का शव कुएं में उताराया मिला। पड़ोसी की बहू सुबह कुएं में पानी भरने गई तो इसकी जानकारी हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

लालशाय के बेटे भोलेनाथ ने बताया कि पिताजी मंगलवार को रात में घर से निकले थे। इसके बाद वह घर नहीं लौटे। बुधवार को दिनभर खोजबीन की गई लेकिन उनका पता नहीं चला। बृहस्पतिवार को सुबह पड़ोसी रामगोपाल की बहू कुएं में पानी भरने गई तो शव देखकर वह चीखने लगी। कुछ देर में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। घटना की जानकारी बभनी पुलिस को दी गई। कुछ देर बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया। शव की शिनाख्त लालशाय के रूप में हुई। प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह पता चल सकेगी।

## चंदौली समाचार

### अधेड़ व्यक्ति का शव मिलाः भतीजे ने की पहचान

**चंदौली।** जिले के नौगढ़ तहसील में एक अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। शव की पहचान बिसौरी गांव निवासी 65 वर्षीय सुधार राम के रूप में हुई है, जिसकी पुष्टि उनके भतीजे रणवीर कुमार ने की। यह शव नौगढ़-चकिया मार्ग पर स्थित कोईलरवा हनुमान मंदिर के गेट के समीप पाया गया। ग्राम प्रधान यशवंत सिंह यादव ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामे की कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए जिला मोर्चरी भेज दिया। पुलिस सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से शव की पहचान कराने का प्रयास कर रही थी। गुरुवार सुबह भतीजे रणवीर कुमार ने मृतक की पहचान की पुष्टि की। रणवीर कुमार ने पुलिस को बताया कि सुधार राम करीब एक सप्ताह पहले दवा लेने के लिए घर से निकले थे।

## जौनपुर समाचार

### पूर्वांचल विवि ने पीएचडी प्रवेश की संशोधित सीटें जारी

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने पीएचडी प्रवेश 2024 के लिए संशोधित शोध सीटों की अद्यतन सूची जारी कर दी है।

कुलपति के निर्देश पर यह सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड की गई है। एक गठित समिति ने 26 नवंबर को शोध निदेशकों से प्राप्त प्रारूपों का विस्तृत परीक्षण करने के बाद विभिन्न विषयों जैसे नवीन नीतिशास्त्र, समाजशास्त्र, शारीरिक शिक्षा, भौतिक विज्ञान और रसायन विज्ञान सहित अन्य विभागों में आवश्यक संशोधन किए हैं।

जारी आदेश में शोधार्थियों की संख्या को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। इसके अनुसार, एक सत्र में प्रोफेसर अधिकतम 8, एसोसिएट प्रोफेसर 6 और सहायक प्रोफेसर 4 शोधार्थी ही रख सकेंगे। इन नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित प्राचार्य, निदेशक या शोध निदेशक व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार माने जाएंगे। विश्वविद्यालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि डीआरसी (डॉक्टोरल रिसर्च कमेटी) हेतु आवेदन की निर्धारित तिथि 27 नवंबर को समाप्त हो चुकी है। अब डीआरसी 2 दिसंबर से 22 दिसंबर तक सभी शोध केंद्रों पर अनिवार्य रूप से आयोजित की जाएगी। विश्वविद्यालय ने सभी शोध केंद्रों को डीआरसी प्रक्रिया को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इसके अतिरिक्त, पीयूक्रेट 2024 से छूट प्राप्त अभ्यर्थियों की सूची और पीयूक्रेट 2024 में उत्तीर्ण उम्मीदवारों की सूची भी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी गई है। शोध केंद्रों को यह भी आदेश दिया गया है कि वे इन सूचियों का सत्यापन और मिलान करने के बाद ही अभ्यर्थियों को डीआरसी प्रक्रिया में शामिल करें।

## सुल्तानपुर समाचार

### डीएलएड के आवेदन में संशोधन का मौका नहीं

**सुल्तानपुर।** डीएलएड 2025 के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं। दाखिले के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 दिसंबर निर्धारित की गई है। आवेदन में इस बार संशोधन का कोई विकल्प नहीं दिया गया है, इसको लेकर अभ्यर्थी भी परेशान हैं। डायट के प्रवक्ता आवेदकों को टिप्स दे रहे हैं और आगाह कर रहे हैं कि इस बार आवेदक ऑनलाइन फॉर्म भरते समय विशेष सावधानी बरतें, जरा सा चूक होने पर आवेदन निरस्त हो सकता है। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान से सुल्तानपुर और अमेठी के कुल 105 डीएलएड कॉलेज संचालित होते हैं। इसमें सुल्तानपुर के 84 व अमेठी के 21 कॉलेज शामिल हैं। डायट में 200 व निजी कॉलेजों में करीब 6500 सीटों पर दाखिला होना है। 23 नवंबर से डीएलएड के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

## गोरखपुर समाचार

### हथौड़े से कूचकर की थी मां बेटी की हत्या



**गोरखपुर।** शाहपुर थाना क्षेत्र के घोषीपुरवा मोहल्ले में मां शांति देवी (75) और बेटी विमला जायसवाल (55) की हथौड़ी से सिर पर वार कर रविवार की रात हत्या कर दी गई थी। अब जांच का फोकस मकान के रजिस्टर्ड एग्रीमेंट, प्रॉपर्टी डीलर, सौतेली बेटियों और बेटी सुशीला के बदले-बदले बयानों पर केंद्रित हो गया है। इसके साथ ही रजिस्टर्ड एग्रिमेंट करने वाले प्रापर्टी डीलर और बिचौलिए का काम करने वाले सौतेली बेटी व दामाद शक के दायरे में आ गए हैं। पुलिस प्रापर्टी डीलर से पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं सौतेली बेटी दामाद की तलाश में दबिश दे रही है। सोमवार देर रात अज्ञात हमलावरों ने शांति देवी (75) और उनकी बेटी विमला जायसवाल (55) की हथौड़े से सिर पर वार कर हत्या कर दी थी। दोनों के शव कमरे में खून से सने मिले थे। पुलिस के अनुसार पुलिस टीमें प्रॉपर्टी विवाद, ई रिक्शा चालक विवाद और अचानक हुए वारदात के एंगल समेत अन्य बिंदुओं पर जांच शुरु की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस ने जब सुशीला से मकान के एग्रीमेंट से संबंध में पूछताछ की तो उसने पहले पहले एग्रीमेंट वर्ष 2017 में होने की बात कही।

## देवरिया समाचार

### 46 हजार से अधिक लोगों का नाम मतदाता सूची से हुआ बाहर

**देवरिया/रुद्रपुर।** पंचायत चुनाव की तैयारी को लेकर जुटे राज्य निर्वाचन आयोग ने जिले में डुप्लीकेट वोटरों में 73 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं के सत्यापन का कार्य पूरा करा लिया है। 16 ब्लॉकों में से 3,95,926 डुप्लीकेट वोटरों के सत्यापन में 46,319 लोगों का नाम अवैध पाए जाने पर इन्हें मतदाता सूची से बाहर किया जा रहा है। अभी 1,05,960 लोगों का सत्यापन कराना बाकी है। जिसके बाद वोटर लिस्ट से बाहर किए जाने वाले मतदाताओं की संख्या बढ़ सकती है।

सत्यापन रिपोर्ट अपलोड किए जाने के बाद पांच दिसंबर को पंचायत चुनाव की मतदाता सूची का प्रकाशन कराया जाएगा। जिला प्रशासन पंचायत चुनाव कराने को ऑनलाइन डाटा में पकड़े गए डुप्लीकेट वोटरों के सत्यापन का कार्य करा रहा है।

## प्रयागराज समाचार

### कानून का मकसद समाज के लिए समस्याएं खड़ी करना नहीं, बल्कि उनका हल ढूंढना है



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि कानून का मकसद समाज के लिए समस्याएं खड़ी करना नहीं, बल्कि उनका हल ढूंढना है। जब कथित पीड़िता ने आरोपी युवक से शादी कर ली है। उसका कहना है कि आरोपी ने उसके साथ कुछ भी गलत नहीं किया है। ऐसे में पीड़िता को अपने पति को बरी करवाने के लिए वर्षों तक कोर्ट का चक्कर लगाने के लिए मजबूर करना उत्पीड़न के समान है। यह टिप्पणी करते हुए कोर्ट ने कथित पीड़िता से शादी करने वाले युवक पर दर्ज अपहरण और पॉक्सो के मुकदमे की पूरी कार्यवाही को रद्द कर दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र ने अश्विनी आनंद की अर्जी पर दिया है। फर्रूखाबाद के राजेपुर थाने में 23 जून 2024 को पीड़िता के पिता ने याची पर अपहरण, शादी के लिए मजबूर करना व पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कराया था। युवक ने हाईकोर्ट में अर्जी दायर कर मुकदमे की पूरी कार्यवाही रद्द करने की मांग की। याची अधिवक्ता ने दलील दी कि याची और कथित पीड़िता ने 23 जून 2025 को बालिग होने के बाद विवाह कर लिया है। उनका विवाह उत्तर प्रदेश विवाह पंजीकरण नियमावली, 2017 के तहत विधिवत पंजीकृत भी है। पीड़िता ने स्वयं न्यायालय के समक्ष एक शपथ पत्र दायर किया है, जिसमें उसने युवक पर लगाए गए आरोपों को खारिज कर दिया है। उसने अपने बयान में भी अभियोजन के आरोपों का समर्थन नहीं किया। वहीं, अपर शासकीय अधिवक्ता ने मुकदमा रद्द करने की मांग का विरोध किया। उनकी दलील थी पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध समाज के खिलाफ अपराध है। इसे समझौते से या पीड़िता के हलफनामे के आधार पर रद्द नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद कहा कि जब विवाह हो चुका है और कथित पीड़िता स्वयं कार्यवाही को रद्द करने का समर्थन कर रही है, तो पूरा ट्रायल चलाने का कोई औचित्य नहीं है। जब मुकदमे का अंतिम परिणाम निश्चित रूप से बरी होना ही है, तो केवल औपचारिकता के लिए ट्रायल चलाना न्याय नहीं है। ऐसे में मुकदमा चलाने से कोर्ट का कीमती समय बर्बाद होगा।

## भदोही समाचार

### खराब प्रगति वाले बूथों पर पहुंचे डीएम, बढ़ाया उत्साह

**ज्ञानपुर।** जिले में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड में है। बृहस्पतिवार को डीएम शैलेष कुमार खराब प्रगति वाले बूथों पर पहुंचकर बीएलओ का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने लोगों से अपील किया कि चार दिसंबर का इंतजार न करें। गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को दें। डीएम चौरी के जमुआ, परसीपुर और बीआरसी पहुंचे। जहां गणना प्रपत्र की फीडिंग कर रहे बेसिक के शिक्षक के कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि एसआईआर के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं दूसरी ओर एसआईआर में बेहतर कार्य करने वाले तीन बीएलओ को डीएम ने पुरस्कृत किया। डीएम ने प्राथमिक विद्यालय तेजसिंहपुर के शिक्षक बनारसी लाल बिंद, सेमराध के शिक्षक सुजीत कुमार सिंह, सम्हई भटानी के शिक्षक श्यामजी को प्रशस्ति पत्र दिया।

## आजमगढ़ समाचार

### जिले में सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत



**बलरामपुर/फूलपुर/सगड़ी।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में 24 घंटे के भीतर हुई सड़क दुर्घटनाओं में तीन व्यक्तियों की मौत हो गई, जबकि पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका उपचार अस्पताल में चल रहा है। बलरामपुर प्रतिनिधि के अनुसार सुल्तानपुर जिले के अखंडनगर थाना क्षेत्र के गांव कलान निवासी सुषमा (40) की बुधवार दोपहर बाइक से रिश्तेदारी जाते समय कार ने टक्कर मार दी। इस हादसे में मौके पर ही सुषमा की मौत हो गई, जबकि उसके पति और पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन के अनुसार, सुषमा अपने पति लालबहादुर (45) और पुत्र आनंद (20) के साथ बाइक पर सवार होकर रिश्तेदारी के लिए जा रही थी। जैसे ही वह बागभार पवई के पास पहुंचे कि तभी तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। पुलिस घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजवाया। फूलपुर प्रतिनिधि के अनुसार जौनपुर के कुकरही गौराबादशाहपुर निवासी अभिषेक (22) एक सप्ताह पूर्व फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के मधुपुर गांव अपने मामा चंद्रभान के घर वैवाहिक कार्यकम में शामिल होने आया था। बुधवार की शाम करीब सात बजे वह बाइक से अपने घर जा रहा था। कनेरी गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचा था कि अनियंत्रित वाहन की चपेट में आ गया।

## मऊ समाचार

### गैंगस्टर एक्ट के आरोपी ने जिला जेल में फंदा लगाकर दी जान

**मऊ।** तीन माह पहले कोर्ट में समर्पण करने के बाद जेल में बंद गैंगस्टर एक्ट के आरोपी अजीत रावत ने फांसी लगाकर जान दे दी। कैदी पर जिले के चिरैयाकोट थाने में दो मुकदमे और आजमगढ़ के जहानाबाद थाने में एक प्राथमिकी दर्ज थी। कैदी मूलत गाजीपुर जिले के सैदपुर का रहने वाला था।

उधर इस घटना के बाद कैदी का शव जेल पुलिस ने जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम भेजवाया, जहां शव का पोस्टमार्टम बृहस्पतिवार को होगा। अजीत रावत की पहचान गाजीपुर के सैदपुर थाना क्षेत्र के विक्रमपुर निवासी के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि अजीत पर चोरी और गैंगस्टर एक्ट के मामले में चिरैयाकोट थाने में मुकदमा दर्ज था। इसके अलावा आजमगढ़ जिले के जहानागंज थाने में भी एक मुकदमा दर्ज था।

## मीरजापुर समाचार

### जिलाधिकारी ने जिला स्वास्थ्य समिति एवं जिला आयुष समिति की बैठक कर प्रगति के बारे में ली जानकारी



**मीरजापुर।** जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति व जिला आयुष समिति की बैठक आहूत की गयी। जिला स्वास्थ्य समिति समीक्षा बैठक में ओ0पी0डी0/आई0पी0डी0 उपस्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी लोग अपने तैनाती स्थल पर रात्रि निवास करे निरीक्षण के दौरान यदि कोई चिकित्सक अपने तैनाती स्थल पर निवास करते हुए नही पाया जाता है उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि सामुदायिक/ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो में मरीजो हेतु बेहतर सुविधा उपलब्ध कराए। दवाओं की उपलब्धता के बारे में बताया कि पर्याप्त मात्रा में जीवन रक्षक दवाएं हैं।

उन्होंने कहा कि सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी यह भी सुनिश्चित करे कि दवाए खत्म होने पूर्व मांग पत्र भेजते हुए दवाएं मगवाएं। जननी सुरक्षा योजनान्तर्गत जिलाधिकारी ने निर्देशित किया शत प्रतिशत भुगतान कराना सुनिश्चित करें। डिलीवरी की समीक्षा जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राइवेट अस्पतालों द्वारा सही डिलीवरी डाटा उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि डिलीवरी से सम्बन्धित आशाओ से सूचना लेते हुए पोर्टल पर अपलोड कराएं। मंत्रा एप पर बर्थ डोज की समीक्षा के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मड़िहान कम होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रभारी चिकित्साधिकारियो को निर्देशित करते हुए का कि सामुदायिक/ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो पर होने डिलीवरी मे शत प्रतिशत टीकाकरण करना सुनिश्चित करें। एन0आर0सी0 की की समीक्षा के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि भर्ती बच्चो का उचित प्रकार देखभाल कराया जाए।

## बलिया समाचार

### स्कॉर्पियो की टक्कर से युवक की मौत, एक घायल



**बलिया।** बलिया-सिकन्दरपुर मार्ग पर गुरुवार देर शाम पटपर पेट्रोल पंप के पास दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। हादसे में खेजुरी थाना क्षेत्र के खडसरा निवासी संतोष सिंह टुनटुन (40) की मौत हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल मधुरेन्द्र सिंह (38) का उपचार मऊ के एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

दोनों युवक पिपरा से निमंत्रण कर वापस लौट रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घर लौटते समय चालक ने बाइक जैसे ही मुख्य मार्ग पर चढ़ाई, पीछे से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि दोनों युवक करीब 10 फीट दूर जाकर सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोग आवाज सुनकर दौड़े और घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया, लेकिन संतोष ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे के बाद स्कॉर्पियो चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। थानाध्यक्ष मिथलेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने स्कॉर्पियो को कब्जे में ले लिया है। वाहन मालिक और चालक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। संतोष सिंह परिवार के इकलौते पुत्र थे। पिता महिपाल बहादुर सिंह (दारोगा सिंह) का निधन लगभग 15 वर्ष पूर्व ही हो चुका था। संतोष अपने परिवार की उम्मीद और मुख्य सहारा थे। उनकी आकस्मिक मौत की खबर से पूरे गांव में मातम छा गया।

## गाजीपुर समाचार

### तेज रफ्तार ने गर्भवती समेत ले ली चार की जान



**गाजीपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के सुखदेवपुर चौराहा के पास बृहस्पतिवार को ट्रक के धक्क से बाइक सवार गर्भवती महिला पूनम पांडेय (40) की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक चला रहा पति अरुण पांडेय (45) घायल हो गया। वहीं, ट्रक चालक वाहन छोड़ कर मौके से भाग गया। लोगों ने घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया। उधर, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और ट्रक को कब्जे में लेकर थाने चली गई। कोतवाली प्रभारी महेंद्र सिंह ने बताया कि सुहवल गांव निवासी गर्भवती महिला पूनम पांडेय अपने पति के साथ बाइक से अस्पताल में नियमित जांच के लिए गई थी। रास्ते में सुखदेवपुर चौराहे के पास के पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। इससे पूनम सड़क पर जा गिरी और ट्रक की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पति अरुण बाइक समेत दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। कोतवाल ने बताया कि मामले में अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर प्राथमिकी दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। मेला देखने जा रहे स्कूटी सवार युवक-युवती की मौत-शादियाबाद। थाना क्षेत्र के कटघरा के पास बुधवार की देर शाम अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार युवक और युवती की मौत हो गई। युवक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि आशीष कुमार (20) नंदगंज थाना क्षेत्र के कुसम्ही कला का रहने वाला था। सोनी (22) पुत्री सीताराम शादियाबाद थाना क्षेत्र के मुबारकपुर कुदरुतुल्लाह की रहने वाली थी। आशीष अपने घर से बाइक से कटघरा में आयोजित मेला देखने गया था। मेला स्थल से कुछ दूरी पर शादियाबाद-नंदगंज मुख्य सड़क पर अज्ञात वाहन ने दोनों को धक्का मार दिया।

## लाइफ मंत्र

### 44 दिनों तक चलेगा माघ मेला, जानें प्रमुख तिथियां और खास आयोजन

पवित्र नदियों के संगम, प्रयागराज में एक बार फिर करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का सैलाब उमड़ने वाला है। विश्व प्रसिद्ध माघ मेला 2026 की घोषणा हो गई है, जिसके अनुसार यह धार्मिक आयोजन पूरे 44 दिनों तक चलेगा। पौष पूर्णिमा के शुभ दिन से इस विशाल समागम की शुरुआत होगी, जहां लाखों श्रद्धालु मोक्ष की कामना लिए त्रिवेणी के शीतल जल में डुबकी लगाएंगे और महीने भर चलने वाले कल्पवास का कठिन व्रत शुरू करेंगे। इस दौरान, प्रयाग की धरती पर



आध्यात्मिकता, भक्ति और भारतीय संस्कृति का एक अद्भुत नज़ारा देखने को मिलेगा।

**माघ मेला 2026 की महत्वपूर्ण तिथियां**

माघ मेले की शुरुआत पौष पूर्णिमा के पावन पर्व से होगी, जो 3 जनवरी 2026, शनिवार को है। सी दिन से कल्पवास का आरंभ होता है।

**समापनः** मेले का समापन महाशिवरात्रि के दिन 15 फरवरी 2026, रविवार को होगा।

**कुल अवधिः** यह धार्मिक समागम 3 जनवरी से 15 फरवरी 2026 तक, पूरे 44 दिन चलेगा। इस दौरान, श्रद्धालु संगम के पवित्र जल में स्नान करके अपने पापों का प्रायश्चित करते हैं और पुण्य अर्जित करते हैं।

**माघ मेले में कई प्रमुख स्नान पर्व होते हैं, जैसे-**

**मकर संक्रांतिः** 14 या 15 जनवरी 2026

**मौनी अमावस्याः** 18 जनवरी 2026

**बसंत पंचमीः** 23 जनवरी 2026

**माघी पूर्णिमाः** 1 फरवरी 2026

**महाशिवरात्रिः** 15 फरवरी 2026

**कल्पवास और माघ मेला 2026 की तैयारी**

पंचांग की गणना के आधार पर, इस वर्ष कल्पवास की अवधि लगभग 29 दिनों की रहेगी। इस एक माह के दौरान, कल्पवासी तीर्थयात्री संगम के किनारे बनाए गए साधारण तंबुओं में रहकर धार्मिक अनुष्ठान और साधना करते हैं। माघ मेला 2026 के लिए, लगभग 800 हेक्टेयर का विशाल क्षेत्र लिया जा रहा है, जहां तीर्थयात्रियों के लिए एक अस्थाई टेंट सिटी स्थापित की जाएगी। प्रशासन द्वारा इस विशाल आयोजन के लिए हर साल की तरह इस बार भी बड़े पैमाने पर व्यवस्था की जा रही है।

## ड्रीम वेडिंग की चाहत? उदयपुर का जगमंदिर पैलेस बना कपल्स की पहली पसंद, बुकिंग डिटेल जानिए



ड्रीम वेडिंग डेस्टिनेशन के तौर पर जगमंदिर पैलेस, जो 'सिटी ऑफ लेक्स' उदयपुर में स्थित है, अपनी ऐतिहासिक खूबसूरती और शानदार सुविधाओं के कारण हर दुल्हन की पहली पसंद बन रहा है, जिसमें गुल महल और पिछोला लेक का मनमोहक नजारा शामिल है। ड्रीम वेंडिंग करने की चाहत हर एक कपल की जरुर होती है। क्योंकि शादी जीवन में एक बार होती है। हर कोई एक परफेक्ट ड्रीम वेडिंग डेस्टिनेशल को तलाश करता है। एक ऐसा ही जगमंदिर आईलैंड पैलेस उदयपुर में स्थित है। शादी के लिए यह एकदम शानदार डेस्टिनेशन है। दूर-दूर से टूरिस्ट यहां पर घूमने जरुर आते हैं। इसको सिल्टी ऑफ लेक्स के नाम से भी जाना जाता है। अगर आप अपनी वेडिंग प्लान कर रहे हैं तो जगमंदिर आईलैंड पैलेस बेस्ट ऑप्शन है। चलिए आपको बताते हैं जगमंदिर पैलेस में आपको क्या-क्या सुविधा मिलेगी और इसमें कितनी लागत लगती है।

**जगमंदिर आईलैंड पैलेस**

इस पैलेस के पास कई सुंदर जगहें देखने को मिलती हैं। गुल महल और पिचोला का म्यूजिक, यह दोनों ही मुख्य केंद्र है। बता दें कि, गुल महल का निर्माण 1951 में महाराणा अमर सिंह के काल में हुआ था। यह म्यूजियम एक एतिहासिक घटनाओं और जगमंदिर आईलैंड पैलेस से जुड़ी चीजों को बताता है। इस पैलेस में बॉलीवुड को अपनी और भी आकर्षित करता है। बता दें कि, इस पैलेस में रितिक रोशन व करीना कपूर का गाना यादें इसी पैलेस में शूट किया गया था।

**खूबसूरती से भरा जगमंदिर आयरलैंड पैलेस**

इस पैलेस में चार द्वीप है, जगमंदिर, जग निवास, मोहन मंदिर और आरती विला। यहां पर किसी भी समय वोट राइड कर सकते हैं। सबसे अच्छा वक्त सूर्यास्त का माना जाता है। आपको बता दें कि, यह वोट राइड करीब 1 घंटे की होती है।

**शादी का कितना खर्च आएगा**

यदि आप इस पैलेस में शादी करना चाहते हैं, तो आप यहां शादी समारोह और रिसेप्शन के लिए बेहद आसानी से रेंट पर बुक कर सकते हैं। आस-पास ऐसे कई होटल है, जहां मेहमानोंम को रोकने की सुविधा देते हैं। थीम के अनुसार डेकोरेशन करवा सकते हैं। इस पैलेस में शादी की सजावट और अन्य व्यवस्थाओं के लिए कस्टम पैकेज 12 लाख से 20 लाख तक है। कम से कम 150 मेहमानों के रहने के लिए की लागत 60 लाख से 90 लाख तक हो सकती है।

**मिलेंगी ये सुविधाएं**

इनमें नाश्ते के साथ-साथ स्नैक्स भी मिलेगा। दोपहर और रात के खाने का खर्च लगभग 6500 प्रति प्लेट है। यहां पर शादी करने का कुल खर्च 35 लाख टैक्स रहित हो सकता है। इस पैलेस में एक दिन के लिए रिसेप्शन और शादी समारोह आयोजित करने के लिए 30 लाख से 50 लाख रुपए में बुक किया जा सकता है। जगमंदिर पैलेस में मनोरंजन और अन्य लागत जैसे कि- फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, मेकअप कलाकर, मेहंदी, डीजे, साउंड टीम, ढोल, लाइव बैंड स्वागत आदि का सामान्य का खर्च 10 लाख से 20 लाख के बीच में आ जाएगा।



# शादी से पहले धमाल! दिल्ली से सटे ये 5 डेस्टिनेशन बैचलर पार्टी के लिए हैं बेस्ट

**ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसी शानदार और हसीन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जोकि दिल्ली से करीब 5-6 घंटे की ड्राइव पर स्थित हैं। आप इन हसीन जगहों पर दिल खोलकर बैचलर पार्टी एंजॉय कर सकती हैं।**

अरेंज हो या लव मैरिज, नए जीवन की शुरूआत को लेकर महिलाएं अधिक उत्साहित रहती हैं। क्योंकि उनको पता होता है कि वैवाहिक जीवन में प्रवेश करते ही उनकी जिम्मेदारी बढ़ने वाली है। ऐसे में कई महिलाएं विवाह से पहले दिल खोलकर मौज-मस्ती और पार्टी करना पसंद करती हैं। शादी से पहले जब दिल खोलकर मौज-मस्ती की बात होती है, तो बैचलर्स पार्टी की बात जरूर होती है। वहीं कई महिलाएं अपने घर में बैचलर्स पार्टी करती हैं, तो कई महिलाएं आसपास स्थित कुछ शानदार डेस्टिनेशन की तलाश करती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसी शानदार और हसीन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जोकि दिल्ली से करीब 5-6 घंटे की ड्राइव पर स्थित हैं। आप इन हसीन जगहों पर दिल खोलकर बैचलर पार्टी एंजॉय कर सकती हैं।

**चंडीगढ़**

दिल्ली एनसीआर से करीब 4-5 घंटे की ड्राइव पर आप किसी शानदार और फेमस जगह बैचलर्स पार्टी करने की सोच रही हैं, तो कई महिलाएं सबसे पहले चंडीगढ़ का रुख करती हैं। चंडीगढ़ एक बेहद खूबसूरत शहर है।

पंजाब की राजधानी चंडीगढ़ अपनी शानदार पार्टी हब और नाइटलाइफ के लिए जाना जाता है। चंडीगढ़ में आपको कई रेस्तरां, बार या क्लब मिल जाएंगे, जहां पर आप दिल खोलकर बैचलर्स पार्टी एंजॉय कर सकती हैं। आप चंडीगढ़ में बैचलर्स पार्टी के लिए सेक्टर 32 जा सकती हैं।

**शिवपुरी**

दिल्ली एनसीआर से करीब 260 किमी दूरी पर शिवपुरी स्थित है। यह ऋषिकेश के पास में स्थित एक मनमोहक और खूबसूरत डेस्टिनेशन है, जोकि शानदार नाइट पार्टी के लिए जाना जाता है। यह एक शानदार और मनमोहक हिल स्टेशन है। शिवपुरी की हसीन वादियों में आपको कई ऐसे टेंट हाउस और गेस्ट हाउस रेंट पर मिल जाएंगे। आप बेफिक्र होकर यहां पर अपने दोस्तों के साथ धमाकेदार अंदाज में बैचलर्स पार्टी कर सकती हैं। शिवपुरी के कई टेंट हाउस में अपना म्यूजिक सिस्टम भी होता है। शिवपुरी में बैचलर पार्टी के दौरान आपको कोई रोकने-टोकने वाला भी नहीं होगा। आप यहां पर रात भर पार्टी कर सकती हैं।

**जयपुर**


राजस्थान की राजधानी जयपुर अपनी ऐतिहासिक और खूबसूरत इमारतों के अलावा शानदार नाइटलाइफ के लिए भी जाना जाता है। जयपुर एक सेफ शहर माना जाता है। इसलिए यहां पर कई महिलाएं पार्टी करने से लेकर घूमने तक के लिए भी आती हैं।

जयपुर अपनी खूबसूरती के अलावा बैचलर पार्टी के लिए भी जाना जाता है। इस शहर में कई रिसॉर्ट, विला और होटल मौजूद हैं। यहां पर आप अपने दोस्तों के साथ बिना किसी फिक्र के बैचलर पार्टी एंजॉय कर सकती हैं। आप बहुत कम खर्च में द स्टैग रूफटॉप और द बूज ऑन लाउंज में बैचलर्स पार्टी एन्जॉय कर सकती हैं।

**नैनीताल**

अगर आप शिवपुरी से भी खूबसूरत और सुरक्षित हिल स्टेशन में बैचलर्स पार्टी खुलकर एंजॉय करना चाहती हैं, तो आपको नैनीताल की हसीन वादियों में जाना चाहिए। नैनीताल, उत्तराखंड का एक फेमस हिल स्टेशन है, जहां पर महिलाएं अक्सर अकेले घूमने के लिए पहुंचती हैं। बता दें कि नैनीताल के पहाड़ों में कई ऐसे विला, रिसॉर्ट और क्लब मौजूद हैं, जहां पर आप अपने दोस्तों के साथ रात भर पार्टी कर सकती हैं। बैचलर्स पार्टी करने के बाद आप नैनीताल में स्नो व्यू पॉइंट, नैनी झील और टिफिन टॉप जैसी शानदार और हसीन जगहों पर घूमने के लिए जा सकते हैं।

# बादलों का घर मेघालय: इन 5 जगहों की सैर आपको जीवन भर याद रहेगी, बनाएं ट्रिप का प्लान!



मेघालय, जिसे 'बादलों का घर' कहा जाता है, अपनी प्राकृतिक सुंदरता और क्रिस्टल-क्लियर नदियों के लिए प्रसिद्ध है, जहाँ शिलॉन्ग, डॉकी झील, दावकी, मौसिनराम और मावफलांग पवित्र वन जैसी मनोरम जगहें आपके मन को मोह लेंगी। नॉर्थ-ईस्ट राज्य प्राकृति और सुंदर वादियों के लिए जाना जाता है।

अगर आप मेघालय जाने का प्लान बना रहे हैं, तो यह लेख आपके लिए है। मेघालय को बादलों का घर कहा जाता है। यहां की सुंदरता दुनियाभर में फेमस है।

मेघायलय में पानी भी शीशे की तरह चमकता है और घने जंगल की सुंदरता देखकर आप कहीं न कहीं खो जाएंगे। जो एक बार मेघालय घूमने जाएगा वो वही का होकर रह गया है।

मेघालय में आपको पहाड़, झरने, नदियां, झील, हरे जंगल सबकुछ देखने को मिलेगा। आइए आपको बताते हैं आप किन जगहों पर जरुर घूमने जाएं।

**शिलॉन्ग**

मेघालय की राजधानी शिलॉन्ग घूमने जरुर जाएं। यह शहर बेहद ही खूबसूरत और हरियाली से घिरा हुआ है। मेघालय पूर्वी हिमालय की पहाड़ियों में बसा हुआ है शिलॉन्ग। इसे मिनी स्कॉटलैंड भी कहा जाता है। शिलॉन्ग में आप व्यू पॉइंट, लैत्कोर पीक, स्प्रेअद ईगल फॉल्स, लेडी ह्यदारी पार्क और एलिफेंट फॉल्स को जरुर देखें।

**डॉकी झील**

डॉकी झील भारत-बांग्लादेश सीमा पर एक छोटा-सा शहर बसा है। डॉकी झील को उमंगोट नदी भी बोला जाता है, जो कि भारत से बांग्लादेश तक बहती है। इसका पानी एकदम क्रिस्टल क्लियर है। इधर नाव पर सफर करने से ऐसा फील होता है कि जैसे नाव हवा में है।

**दावकी**

अगर आप मेघालय जा रहे हैं, तो पश्चिम जयंतिया हिल्स जिले में स्थित दावकी छोटा सा टाउन है, यहां पर घूमने के लिए कई सारी जगहें हैं। इधर आपको सुंदर झरने देखने को मिलेंगे। दावकी में जाफलोंग जोरी पॉइंट, बुरहिल झरने, मावल्यान्नॉग, रिवाई जैसी खूबसूरत जगहों को एक्सप्लोर कर सकती हैं।

**मौसिनराम**

मेघालय के खासी हिल्स में मौसिनराम एक सुंदर बस्ती है, यह अपनी प्राकृतिक स्टैलेग्माइट शिवलिंग जैसी संरचनाओं के लिए जाना जाता है। यहां पर मावजिम्बुइन गुफा देखने को लायक मिलती है। इस गुफा में शिवलिंग भी रखी है, जो कि स्टैलेग्माइट के लिए जानी जाती है। यहां का वातावरण एकदम शांत और सुकून से भरा हुआ है। कलकल करता हुआ पानी की आवाज आपके मन को शांति प्रदान करेगा।

**मावफलांग पवित्र वन**

मेघालय में मावफलांग वन एक प्रचीन जंगल है, जो काफी शुद्ध व पवित्र माना जाता है। इस जंगल से एक भी पत्ती बाहर लेकर जाना माना है और इस जंगल में आपको रुद्राक्ष के पेड़ मिलेंगे, हर मुख वाली रुद्राक्ष पेड़ में लगी होती है।


होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड 2026 डायरी, कैलेन्डर
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha, Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS MENS TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682





मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
नि:संतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रात: 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने (नियर ताज होटल) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी (लिगामेंट सर्जरी) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170